निबंधन व शर्तें

वरिष्ठ परामर्शदाता (रसद सामग्री और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन) (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपरोक्त उल्लिखित पद पर पूर्णतः संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवार से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकायें और उत्तरदायित्व

परामर्शदाता की नियुक्ति स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के परिवार नियोजन प्रभाग में होगी और वह सीधे उपायुक्त, परिवार नियोजन के पर्यवेक्षण में काम करेंगे। पद की विशिष्ट जिम्मेदारियां निम्न प्रकार से हैं:

1. एफपी प्रभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय हेतु सभी गर्भनिरोधकों की मांग का अनुमान लगाना व प्रापण में सहयोग देना।
2. गर्भनिरोधक आपूर्ति को सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रापण प्रभाग और सीएमएसएस के साथ समन्वयन और फॉलो अप करना।
3. राज्य / संघ राज्य क्षेत्रों को समय से वितरण की आपूर्ति करने के लिए जीएमएसडी और सीएमएसएस गोदामों के साथ समन्वयन और फॉलो अप करना।
4. मौजूदा आपूर्ति श्रृंखला की कमियों की पहचान करना और एफपी आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित और सुदृढ़ बनाने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना।
5. राज्यों द्वारा बताए गए गर्भ निरोधकों की गुणवत्ता की कमियों की पहचान करना।
6. एफपी एलएमआईएस के विस्तार हेतु स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी सहायता।
7. एफपीएलएमआईएस एप्लिकेशन के अनुरक्षण व तकनीकी गड़बड़ियों में सुधार के लिए आई टी प्रकोष्ठ (सी-डैक) को तकनीकी सहायता।
8. रसद और आपूर्ति श्रृंखला तथा एफपीएलएमआईएस से संबंधित राज्यों की क्षमता का विकास व सहयोग देना।
9. एफपीएलएमआईएस संबंधी प्रशिक्षण के आयोजन के लिए राज्य / संघ राज्य क्षेत्रों के साथ समन्वयन और फॉलो अप।
10. त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट के संबंध में निश्चय किटों (पीटीके) की आपूर्ति स्थिति का विश्लेषण।
11. एफपी आपूर्ति श्रृंखला पर विशेष जोर देने के साथ परिवार नियोजन कार्यक्रम को मजबूत बनाने के लिए राज्यों में सहयोगी पर्यवेक्षण दौरा करना।
12. राज्यों की आपूर्ति स्थिति का नियमित रूप से अपडेट तैयार करना।
13. समय-समय पर पर्यवेक्षक द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

योग्यता और अनुभव आवश्यकताएँ

- किसी भी विधा में स्नातकोत्तर और जन स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव।
- परिवार नियोजन सामग्रियों के संभार तंत्रप्रबंधन में कार्य करने का अनुभव होना अनिवार्य है।

अनिवार्य कौशल एवं सक्षमता

- कंप्यूटर में दक्षता और आपूर्ति तथा संभार तंत्र प्रबंधनसे संबंधित साफ्टवेयर पर कार्य करने का अच्छा ज्ञान।
- आपूर्तिएवं संभार तंत्र का तकनीकी ज्ञान
- अच्छा संचार और लेखन कौशल
- अच्छा अंतर-वैयक्तिक कौशल

रिपोर्ट करना: उपायुक्त (परिवार नियोजन), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

आयु: आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष तथा क्षेत्रगत दौरे करने हेतु स्वास्थ्य अच्छा हो।

पारिश्रमिक सीमा:रुपये 90,000 से रुपये 1,50,000 प्रतिमाह

स्थान : नई दिल्ली

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **28-Jun-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर rch.recruitment@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।